राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से पशु आहार संयंत्र मांगलिया (इन्दौर) का विकास

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत इंदौर दुग्ध संघ द्वारा मांगलिया में संचालित पशु आहार संयंत्र सुदाना के पुरानी मशीनों को बदलने, कच्चा माल भंडारण की क्षमता बढाने तथा मोलासिस भंडारण हेतु स्थापित भंडारण टैंकों के नवीनीकरण हेतु 314 लाख रू की राशि का कार्य किया जा रहा है । आरकेवीवाय योजना के सहयोग से पशु आहार संयंत्र की कुछ प्रमुख मशीनों को बदलने से पशु आहार उत्पादन में उत्पादन हानि 0.90 प्रतिशत से घटकर 0.49 प्रतिशत तक हो गई है । बिजली की खपत 23 से 24 यूनिट प्रति मै.टन से घटकर 20 से 21 यूनिट प्रति मै.टन हो गयी है । संयंत्रों के आधुनिकीकरण तथा विस्तार से पशु आहार उत्पादन क्षमता 100 मै.टन से बढाकर 150 मै.टन प्रतिदिन कर दी गयी है । राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संयंत्र में कच्चा माल भंडारण के विस्तार हेतु 3000 मै.टन क्षमता के नवीन गोदाम का निर्माण एवं स्थापित मोलासिस भंडारण टैंकों का नवीनीकरण कराया जा रहा है ।

पशु आहार निर्माण में लगने वाला कच्चा माल कृषि आधारित होने के कारण उसकी उपलब्धता एवं गुणवत्ता मौसम पर निर्भर होती है । अतः गोदाम निर्माण एवं मोलासिस टैंकों के नवीनीकरण उपरान्त मौसम अनुसार प्रतिस्पर्धात्मक दर पर अच्छी गुणवत्ता का कच्चा माल भंडारित कर पशु आहार की गुणवत्ता एवं दर को नियंत्रित कर स्थित करने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसका सीधा लाभ दुग्ध उत्पादक सदस्यों को होगा ।